## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।
## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, राज्य स्थापना दिवस एवं अन्य विशेष आयोजनों के अवसरो पर, नगर निगम के भवन, पार्क आदि स्थानों को डेकोरेडिव व बॉडर लाईटों से 2-4 दिवस सजाने हेतु अल्पकालीन निविदा आंमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण नगर निगम की वेबसाइड **www.nagarnigamdehradun.com** एवं नगर निगम के स्टोर (विद्युत) से प्राप्त किये जा सकते है।

| कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | निविदा विक्रय तिथि | निविदा डालने एवं खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| नगर निगम के भवन , पार्क आदि को डेकोरेडिव व बॉडर लाईटों से सजाने हेतु। | 1180 / – G.S.T. सहित। | 30,000 / – (तीस हजार रूपये) | 20.07.2023 से 28.07.2023 सांय 5:00 बजे तक। | 29.07.2023 को दोपहर 2:00 बजे तक जो उसी दिन अपराहन 3:00 बजे खोली जायेगी। |

नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून।

पत्रांक :– 323 / ST / 2023 दिनांक:– 18/07/2023

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक दैनिक जागरण देहरादून संस्करण कृपया उक्त निविदा सूचना को अपने अगले अंक के न्यूनतम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां भुगतान हेतु नगर निगम देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक पाईनियर देहरादून संस्करण कृपया उक्त निविदा सूचना को अपने अगले अंक के न्यूनतम स्थान में प्रकाशित करते हुए निर्धारित छूट के साथ बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां भुगतान हेतु नगर निगम देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्य की निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण नगर निगम देहरादून की वेबसाइड **www.nagarnigamdehradun.com** में तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय पर चस्पा करने हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with CamScanner

(1)

वर्ष–2023-24

# अल्पकालीन निविदा दस्तावेज

कार्य का नाम– गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, राज्य स्थापना दिवस एवं अन्य विशेष आयोजनों के अवसरों पर नगर निगम के भवन, पार्क आदि स्थानों को डेकोरेटिव व बॉडर लाईटों से 2-4 दिवस सजाने हेतु।

## नगर निगम देहरादून।

ई–मेलआई0डी0–nagarnigam.ddn@gmail.com
बेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com

(रणजीत सिंह राणा)
प्रकाश निरीक्षक
नगर निगम देहरादून

(महेश कुमार)
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

(भारत चन्द्रा)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

## अल्पकालीन निविदा दस्तावेज

**1. निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय :–**

- निविदा प्रकाशित करने की तिथि – दिनांक 19.07.2023।
- निविदा विक्रय तिथि – दिनांक 20.07.2023 से 28.07.2023 सांय 5:00 बजे तक।
- निविदा डालने की तिथि एवं समय – दिनांक 29.07.2023, समय दोपहर 2:00 बजे तक।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 29.07.2023, समय सायं 03:00 बजे।

**2. कार्य का नाम/विवरण :–**

- गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, राज्य स्थापना दिवस एवं अन्य विशेष आयोजनों के अवसरों पर नगर निगम के भवन, पार्क आदि स्थानों को डेकोरेटिव व बॉडर लाईटों से 2-4 दिवस सजाने हेतु।

**कार्य स्थलों का विवरण:–**

| | |
|---|---|
| 1. नगर निगम मुख्य गेट। | 10. जोनल कार्यालय मोथरोवाला। |
| 2. मुख्य कार्यालय का पुराना भवन। | 11. जोनल कार्यालय आर्केडिया। |
| 3. टाऊन हॉल मुख्य द्वार का आर्च। | 12. शाखा कार्यालय चकशाह नगर। |
| 4. मा0 महापौर महोदय के कार्यालय का मुख्य द्वार। | 13. शाखा कार्यालय राजपुर। |
| 5. सार्वजनिक निर्माण अनुभाग भवन। | 14. पटेल पार्क। |
| 6. टैक्स पुराना भवन। | 15. घंटाघर। |
| 7. गांधी पार्क। | 16. जवाहर लाल नेहरू पार्क। |
| 8. पं0 दीनदयाल पार्क। | 17. इन्द्रमणि बड़ोनी पार्क। |
| 9. जोनल कार्यालय हर्रावाला। | 18. अम्बेडकर पार्क, आदि। |

**3. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :–**

- निविदा के साथ अपना नाम, पता व व्यापार करने का स्थान, टेलिफोन नंबर/मोबाईल नंबर, ई–मेल नंबर, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- निविदा दाता द्वारा भवन, पार्क आदि स्थानों को पिछले वित्तीय वर्षो में डेकोरेटिव व बॉडर लाईटों से सजाने के अनुभव, विगत कार्य पूर्ति, परफारमेन्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/प्रपत्र आदि निविदा के साथ प्रस्तुत करने अनिवार्य है।
- निविदादाता को अपने फर्म का रजिस्ट्रेशन, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- फर्म के चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित विगत तीन वित्तीय वर्षो (2019–20, 2020–21, 2021–22) का टर्न ओवर, जिसमे तीनों वर्ष का औसत टर्नओवर कम से कम रू0 5,00,000/– (पांच लाख रूपये) हो, उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का विगत तीन कर निर्धारण वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग/प्राधिकरण /नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाप पेपर पर देना अनिवार्य होगा।
- धरोहर राशि, निविदा शुल्क, एंव ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र की मूल प्रति सील बन्द लिफाफे में निविदा डालने की अन्तिम तिथि से पूर्व नगर निगम देहरादून के स्टोर (विद्युत) में उपलब्ध कराना अनिर्वाय है।

**4. धरोहर राशि :–**

- निविदा हेतु रू0 30,000/– (तीस हजार रूपये) निविदा धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के माध्यम से वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम बन्धक कराना होगा।
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/डी0डी0 की हार्ड कापी सील बन्द लिफाफे में स्टोर (विद्युत) अनुभाग में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

(रणजीत सिंह राणा) प्रकाश निरीक्षक | (महेश कुमार) स्टोर / रिकार्ड कीपर लेखा लिपिक नगर निगम देहरादून | अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, देहरादून | (प्रकाश चन्द्रा) वरिष्ठ वित्त अधिकारी नगर निगम,देहरादून

Scanned with CamScanner

**5. कार्यपूर्ति प्रतिभूति :–**

- सफल निविदादाता को उल्लेखित कार्य के मूल्य की धनराशि का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में वाणिज्य बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 / बैंक गारन्टी, वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम जमा कराना अनिवार्य होगा। जो अनुबंध की समाप्ति तिथि के बाद कम से कम 06 माह तक वैध होनी आवश्यक है।
- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी।

**6. निविदा विधि :–**

- निविदा सम्बन्धी विवरण नगर निगम की वेबसाइड–: www.nagarnigamdehradun.com एवं नगर निगम के स्टोर (विद्युत) से प्राप्त किये जा सकते है।
- निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है,
- प्रस्ताव–एक (तकनीकी बिड) में निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज / शपथ पत्र / धरोहर राशि / टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे।
- प्रस्ताव–दो (वित्तीय बिड) में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।
- **तकनीकी निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र एवं वित्तीय निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र को पृथक–पृथक सील बन्द लिफाफे में अन्तिम तिथि से पूर्व नगर निगम के स्टोर (विद्युत) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।**
- **किसी भी दशा में वित्तीय दरें तकनीकी प्रपत्रों के साथ संलग्न ना करें, अन्यथा प्राप्त निविदा निरस्त कर दी जायेगी।**

**7. वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय बिड) :–**

- तकनीकी बिड में सफल निविदा प्रस्तुतकर्ताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।
- निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–बी0ओ0क्यू0) वित्तीय निविदा में समस्त सामग्रीयों के किराये की दरें समस्त कर एवं भाडे सहित अंकित करना अनिवार्य है।
- समस्त सामग्रीयों के किराये की दरें अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- न्यूनतम दरों के आधार पर निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- उक्त कार्य न्यूनतम दर प्रस्ताव (L-1) करने वाले निविदादाता को दिया जायेगा। कार्य की मात्रा ज्यादा होने के दशा में, नगर निगम अन्य असफल निविदादाताओं को उक्त आपूर्ति (L-1) के दरों पर करने का अवसर प्रदान करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के पास रक्षित होगा।

**8. भुगतान प्रक्रिया :–**

- कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
- कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
- किये गये कार्य का निरीक्षण करने के उपरान्त संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
- नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा कार्य नहीं रोका जायेगा।

**9. विवाद की स्थिति होने पर :–**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**10. निविदा स्वीकृति / अस्वीकृति :–**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाये।
- निविदा को किसी भी समय नगर निगम हित में बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है।

**11. आपूर्ति आदेश :–**

- कार्य की गुणवत्ता उच्च कोटी की होनी चाहिये।
- BOQ में संलग्न सामग्री के मानक एंव गुणवत्ता हेतु नगर निगम के स्टोर (विद्युत) में मानक सैम्पल उपलब्ध है, अतः उक्त मानक के अनुरूप ही कार्य स्वीकार होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (रणजीत सिंह राणा)<br>प्रकाश निरीक्षक<br>नगर निगम देहरादून | (महेश कुमार)<br>स्टोर / रिकार्ड कीपर<br>लेखा लिपिक<br>नगर निगम, देहरादून | अधिशासी अभियन्ता<br>नगर निगम, देहरादून | (भारत चन्द्र)<br>वरिष्ठ वि[illegible]धिकारी<br>नगर निगम, देहरादून |

Scanned with CamScanner

| |
|---|
| • निविदादाता को सभी प्रकार की डेकोरेटिव लाईटें, ट्यूब लाईट, मिनीचर बल्ब, कलर चेंज लाईटें व बल्ब, बॉडर लाईटें एल0ई0डी0 आदि लगानी होगी।<br>• आवश्यकतानुसार ही समय–समय पर कार्य हेतु कार्य आदेश दिया जायेगा।<br>• यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/कार्य आदेश के बाद निर्धारित समय में कार्य नहीं किया जाता है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किये जाने कि कार्यवाही की जायेगी। |
| **12. विलम्ब से प्राप्त निविदा :–**<br>• अन्तिम तिथि (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। |
| **13. निविदा का प्रकाशन :–**<br>• निविदा विवरण नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।<br>• निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में निविदा पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा। |
| **14. निविदा की अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :–**<br>• स्टोर कीपर (विद्युत), नगर निगम, देहरादून।<br>• मोबाईल नम्बर– 8851430867, |

(रणजीत सिंह राणा)
प्रकाश निरीक्षक
नगर निगम देहरादून

(महेश कुमार)
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

(भारत चन्द्रा)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

### गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, राज्य स्थापना दिवस एवं अन्य विषेश आयोजनों के अवसरों पर नगर निगम के भवन, पार्क आदि स्थानों को डेकोरेटिव व बॉडर लाईटों से 2-4 दिवस सजाने हेतु वित्तीय बिड प्रपत्र।

**फर्म का नामः–**..........................................................................

निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय प्रस्ताव पृथक सील बन्द लिफाफे में दिनांक–29.07.2023 को दोपहर 2:00 बजे तक नगर निगम के स्टोर (विद्युत) में सील निविदा पेटी में जमा किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण भाड़े सहित | अनुमानित मात्रा B.O.Q | दर प्रतिनग प्रति आयोजन (जी0एस0टी0सहित) |
|---|---|---|---|
| 1. | मिनिचर बल्ब | 50,000 नग बल्ब | |
| 2. | एल0ई0डी0 फ्लड लाईट 100 वॉट कलर चैंज | 100 प्रति नग | |
| 3. | एल0ई0डी0 फ्लड लाईट 100 वॉट | 50 प्रति नग | |
| 4. | हैलोजन लाईट 1000 वॉट | प्रति नग | |
| 5. | हैलोजन लाईट 500 वॉट | प्रति नग | |
| 6. | बॉडर लाईट | 2200 फुट | |
| 7. | एल0ई0डी0 बल्ब बॉडर लाईट | प्रति फुट | |
| 8. | पैडस्टल फैन | प्रति नग | |
| 9. | सिलिंग फैन | प्रति नग | |
| 10. | पावर प्लग 15 एम्पियर | प्रति नग | |
| 11. | एल0ई0डी0 बल्ब 09 वॉट | प्रति नग | |
| 12. | ट्यूब लाईट 23 वॉट | प्रति नग | |
| 13. | लेजर लाईटें | प्रति नग | |

**नोटः–** BOQ में संलग्न सामग्री के मानक एंव गुणवत्ता हेतु नगर निगम के स्टोर (विद्युत) में मानक सैम्पल उपलब्ध है, अतः उक्त मानक के अनुरूप ही कार्य स्वीकार होगा।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with CamScanner